## विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

**संशोधित**

**क्रमाँक / गोपनीय / प्रायोगिक प. / 2022 / 2316** **दिनांक : 08/06 / 2022**

प्रति,

प्राचार्य / निदेशक,
समस्त सम्बध्द महाविद्यालय,
विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन ।

विषयः— **नई शिक्षा नीति के अंतर्गत वार्षिक पद्धति स्नातक प्रथम वर्ष सत्र–2021–22 की प्रायोगिक / प्रोजेक्ट कार्य / इंटर्नशिप / इलेक्टिव विषयों की मौखिक परीक्षाऐं आयोजित करें अंक प्रेषित करने संबंधी ।**

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषय पर निर्देशानुसार उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. भोपाल के पत्र कमांक 72 / 188 / सीसी / 21 / अडतीस दिनांक 02 / 02 / 2022 के अनुसार सभी महाविद्यालय में स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष के प्रायोगिक / प्रोजेक्ट कार्य / इंटर्नशिप / इलेक्टिव (जिन विषयों में प्रायोगिक होना है) विषय की मौखिक परीक्षा संपन्न की जाना है ।

परियोजना (प्रोजेक्ट) कार्य / इंटर्नशिप एवं इलेक्टिव विषय की मौखिक प्रायोगिक परीक्षा सभी संकायों के सभी विषय के लिये होगी जिसमें सभी विषयों के लिये बाह्य परीक्षक नियुक्त करना होंगे ।

1. स्नातक स्तर परसमस्त विषयों में प्रोजेक्ट कार्य / इंटर्नशिप एवं इलेक्टिव विषय की मौखिक / प्रायोगिक परीक्षा कार्य उसी विषय के पाँच वर्ष के अनुभव वाले विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन से संबंद्ध अन्य शासकीय / महाविद्यालयों के शिक्षकों को / कालेज कोड़ 28 / सेवानिवृत शिक्षक हो, को परिनियम 29 के प्रावधान अनुसार आमंत्रित कर परीक्षा कार्य संपन्न कराया जाना है । प्राचार्य / प्राचार्या स्वयं के महाविद्यालय के कार्यरत शिक्षक को बाह्य परीक्षक के रूप में नियुक्त नहीं कर सकते । महाविद्यालय में शासन द्वारा रिक्त पदों के विरूद्ध नियुक्त अतिथि विद्वान जिन्हें संबंधित विषय में न्यूनतम 05 वर्ष का अध्यापन अनुभव है उन्हें भी आवश्यकता पड़ने पर आन्तरिक परीक्षक नियुक्त किया जा सकता है
2. उपरोक्त हेतु परिनियम 29 के प्रावधानों के तहत बाह्य परीक्षक नियुक्त करने के लिये महाविद्यालय के प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक को अधिकृत किया जाता है । कृपया उक्त कार्यवाही संपन्न कर जिन बाह्य परीक्षकों से प्रोजेक्ट / इंटर्नशिप / इलेक्टिव विषय की मौखिक / प्रायोगिक परीक्षा का कार्य संपादन कराया गया है उनके नाम पद, अनुभव व महाविद्यालय का नाम आदि की सूची विश्वविद्यालय को आवश्यक रूप से प्रेषित की जाये ।

कृपया सीसीई एवं प्रोजेक्ट कार्य / इंटर्नशिप / इलेक्टिव विषय की मौखिक / प्रायोगिक परीक्षा के अंक कक्षावार / विषयवार अलग–अलग अंकतालिका (पर्ण / प्रतिपर्ण) में अनुकमांक सहित परीक्षा प्रारंभ होने से सात दिन पूर्व तक एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से भेजे जावे एवं एक प्रति हार्डकॉपी गोपनीय विभाग , विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन में प्रेषित करना सुनिश्चित करें ।

*निरन्तर ...*

3. विश्वविद्यालय द्वारा मेजर व माइनर विषयों की प्रायोगिक परीक्षाओं के लिये नियुक्त बाह्य परीक्षकों से संबंधित विषयों के प्रायोगिक/प्रोजेक्ट कार्य/इंटर्नशिप/इलेक्टिव विषयों की मौखिक परीक्षा संपन्न करायी जा सकती है ।

4. कम्प्यूटर विज्ञान से संबंधित प्रायोगिक/प्रोजेक्ट कार्य हेतु निर्धारित योग्यता रखने वाले शिक्षक यदि उपलब्ध न हो तो कम्प्यूटर का विशेष ज्ञान रखने वाले भौतिक विज्ञान/गणित/सांख्यिकी के शिक्षकों का भी उपयोग प्रयोगिक/प्रोजेक्ट वर्क हेतु लिया जा सकता है ।

5. महाविद्यालय द्वारा प्रायोगिक/प्रोजेक्ट कार्य /इंटर्नशिप /इलेक्टिव विषयों के लिये नियुक्त बाह्य/आन्तरिक परीक्षकों को प्रायोगिक परीक्षा संपन्न करने हेतु संलग्न पत्र कमांक/अकादमिक/सम्मिलन/2018/2449, दिनांक 29/12/2018 में निर्धारित दर अनुसार पारिश्रमिक एवं यात्रा भत्ता देय होगा ।

**परीक्षा नियंत्रक**

कमांक/गोपनीय/प्रायोगिक प./2022/2317 दिनांक–08-06-2022

प्रतिलिपि–

1. अतिरिक्त संचालक, म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, उज्जैन संभाग, उज्जैन ।
2. माननीय कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी के निज सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन ।
3. ऑनलाईन प्रभारी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर प्रायोगिक परीक्षा के अंक प्रविष्ठी हेतु लिंक ओपन करने हेतु सुचनार्थ प्रेषित ।
4. कम्प्युटर सेंटर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त सूचना को वि0वि0 की बेवसाईड पर अपलोड करने हेतु प्रेषित ।
5. समस्त प्राचार्य, अग्रणी महाविद्यालय की और इस आशय के साथ कि जिले के संबंधित महाविद्यालयों को अवगत करावें ।

*अनुभाग अधिकारी (गोपनीय)*